BSES
BSES Yamuna Power Limited
a joint venture with GONCTD

संवाद

www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

नवंबर - 2024

उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदमः बीएसईस ने लॉन्च की बास्केटबॉल एकेडमी

बीएसईएस में हम अपने सीएसआर पहलों के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमने ड्रिबल एकेडमी के साथ साझेदारी में बीएसईएस बास्केटबॉल एकेडमी की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करना और उन्हें प्रशिक्षित करना है। राज्य और राष्ट्रीय स्तर के अनुभवी कोचों के मार्गदर्शन में यह एकेडमी उत्कृष्ट प्रशिक्षण, उपकरण और प्रतिस्पर्धी अवसर प्रदान करेगी।

इसके साथ–साथ सेंटर ऑफ एक्सिलेंस, हाई–परफॉर्मेंस और ग्रासरूट्स सेंटर्स के माध्यम से भविष्य के चैंपियनों को निखारने और उनके समग्र विकास को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा। इस एकेडमी का उद्घाटन बीएसईएस के निदेशक श्री वीएस वर्मा और बीवाईपीएल के सीईओ श्री अमरजीत सिंह ने बीवाईपीएल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया। इसके उपलक्ष्य में एक रोमांचक बास्केटबॉल मैच भी आयोजित किया गया।

ठगों से सावधान!

हम अपने उपभोक्ताओं को सलाह देते हैं कि वे ठगों व असामाजिक तत्वों से सावधान रहें। सभी व्यावसायिक तथा एन्फोर्समेंट (जुर्माने, फाइन) संबंधी भुगतान सिर्फ नामित बीएसईएस ऑफिस में ही हो सकता है, उपभोक्ता के घर पर नहीं।

आप अपने बिजली बिलों का भुगतान बोना फाइड ऑनलाइन प्लैटफॉर्म्स जैसे बीवाईपीएल वॉट्सऐप (8745999808), बीवाईपीएल वेबसाइट (www.bsesdelhi.com), मोबाइल ऐप (BYPL Connect) और ई–वॉलेट्स (पेटीएम, फोन पे, गूगल पे, एमेजॉन पे)के माध्यम से भी कर सकते हैं।

फीडबैक

अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड,
पंजीकृत कार्यालयः शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032
सीआईएनः CIN:U40109DL2001PLC111525, फोनः 11-4124-7111/4124-9273
ईमेलः bypl.feedback@relianceada.com, वेबसाइटः www.bsesdelhi.com

सौर-अवसर को पहचानें और सूरज की किरणों को आर्थिक बचत में तब्दील करें

3 किलोवॉट के रूफटॉप सिस्टम के लिए स्वतंत्र आवासीय कनेक्शनों पर ₹78,000/– की सब्सिडी प्राप्त करें।

बीएसईएस के साथ एक उज्ज्वल, हरित भविष्य को अंगीकार करें। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सोलर को अपनाना अब और भी आकर्षक हो गया है। टिकाऊ ऊर्जा स्रोत को अपनाने और अच्छी आर्थिक बचत करने का यह सर्वोत्तम समय है। अपने कार्बन फुटप्रिंट में कमी लाने और एक अधिक स्वस्थ धरती के लिए कुछ करने के अवसर को जाया न करें। बीएसईएस के साथ सौर ऊर्जा को अपनाएं, आज ही!

आवासीय खंड का प्रकार	सेंट्रल फाइनेंशियल असिस्टेंस (CFA)
आवासीय क्षेत्र (आरटीएस क्षमता के पहले 2 किलोवॉट या उसके हिस्से के लिए)	30,000 रूपये प्रति किलोवॉट
आवासीय क्षेत्र (अतिरिक्त 1 किलोवाट या उसके हिस्से की आरटीएस क्षमता के साथ)	18,000 रूपये प्रति किलोवॉट
आवासीय क्षेत्र (3 किलोवॉट से अधिक की अतिरिक्त आरटीएस क्षमता)	कोई अतिरिक्त CFA नहीं
समूह आवास सोसायटी/आवासीय कल्याण संघ (GHS/RWA) आदि, सामान्य सुविधाओं के लिए जिसमें ईवी चार्जिंग शामिल है, 500 किलोवॉट तक (प्रति घर 3 किलोवाट)	18,000 रूपये प्रति किलोवॉट

लाभ

- प्रति किलोवॉट प्रति माह ~100–120 यूनिट बिजली का उत्पादन करें
- अतिरिक्त बिजली बीआरपीएल को बेचकर एक्सट्रा आय अर्जित करें
- ~4–5 साल की त्वरित पेबैक अवधि
- प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में अपना योगदान दें
- सौर अपनाने और उसे और भी अधिक वहन करने योग्य बनाने के लिए आकर्षक सब्सिडी का लाभ उठाएं

मोबाइल ऐप, टोल फ्री और हेल्पलाइन नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं

टॉल फ्री 24x7 19122

एसएमएस 5616108

बिजली चोरी संबंधी 8588892156

बिजली गुल की शिकायत 8745999808

स्ट्रीटलाइट 41999808

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 के लिए फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारा मुद्रित